भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 4243

गुरुवार, 18 जुलाई, 2019/27 आषाढ़, 1941 (शक)

मुरादाबाद-काशीपुर राजमार्ग की ढेला नदी पर पुल

4243. डॉ॰ एस॰टी॰ हसनः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मुरादाबाद-काशीपुर राजमार्ग पर भोजपुर के आगे ढेला नदी पर पुल का कुछ भाग जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है जिसके कारण बड़ी त्रासदी हो सकती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या सरकार का विचार ढेला नदी पर पुल निर्माण करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ): ढेला नदी पर पुल संकरा है और इसकी चौड़ाई केवल 5.5 मीटर चौड़ाई है। पुल के बीयरिंग और गर्डर के हिस्से आदि, जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं। मुरादाबाद-काशीपुर राजमार्ग के पूरे खंड के विकास के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का कार्य पहले ही शुरू किया जा चुका है।

*****